



# आरसीबी ने 3 विकेट खोकर बनाए 250 रन



## पडिक्कल-डेविड ने खेली धमाकेदार पारी

**बेंगलुरु, 5 अप्रैल. आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की भिड़ंत एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हो रही है.**

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 250 रन लगाए. टिम डेविड ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 25 गेंदों में 70 रनों की धमाकेदार पारी खेली. टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी रही. विराट कोहली और फिल साल्ट ने पहले विकेट के लिए 4.3 ओवर में 37 रन जोड़े. कोहली 18 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए. फिल साल्ट ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 46 रन बनाए. साल्ट ने अपनी इस पारी में 3 चौके और 2 छक्के लगाए. देवदत्त पडिक्कल ने लगातार दूसरे मुकाबले में अर्धशतक लगाया. पडिक्कल ने महज 29 गेंदों का सामना करते हुए 50 रन बनाए. उन्होंने अपनी इस पारी में 5 चौके और 2 छक्के लगाए. पडिक्कल ने कप्तान रजत पाटीदार के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए महज 21 गेंदों में 58 रनों की साझेदारी निभाई. इसके बाद टिम डेविड और रजत पाटीदार ने मोर्चा संभाला. दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों में 99 रनों की अटूट साझेदारी निभाई. रजत ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों का सामना करते हुए 48 रनों की नाबाद पारी खेली. अपनी इस पारी में रजत ने एक चौका और 6 छक्के लगाए. वहीं, डेविड ने सिर्फ 25 गेंदें खेलते हुए 3 चौके और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए. टिम डेविड और रजत की धमाकेदार पारियों के दम पर आरसीबी इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही. गेंदबाजी में सीएसके की ओर से अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन और शिवम दुबे ने एक-एक विकेट चटकाया.

> ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स इस मुकाबले में संजू सैमसन (विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, सरफराज खान, शिवम दुबे, प्रशांत वीर, जेमी ओवरटन, नूर अहमद, अंशुल कंबोज, मैट हेनरी और खलील अहमद के साथ उतरी है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु रजत पाटीदार की अगुवाई में इस मुकाबले में फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह और जैकब डफी के साथ खेल रही है.

## मीनाक्षी-जैस्मीन और छह पुरुष मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**उलानबटोर.** एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के 7वें दिन भी भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा. सुबह के सत्र में मीनाक्षी और जैस्मीन ने सर्वसम्मत फैसले से शानदार जीत दर्ज की. दूसरी ओर, लोकेश, आकाश और हर्ष चौधरी की जीत ने भारतीय पुरुष मुक्केबाजों के लिए सेमीफाइनल में छह जगहें पक्की कर दीं. महिलाओं की 48 किलोग्राम श्रेणी में, मीनाक्षी ने शांत और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जापान की युका सदामात्सु को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया.

# लखनऊ ने सनराइजर्स को 5 विकेट से हराया



**हैदराबाद. आईपीएल 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की. यह मुकाबला 5 अप्रैल को खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली. कम स्कोर वाला यह मैच आखिरी ओवरों तक रोमांच से भरपूर रहा और अंत में ऋषभ पंत की कप्तानी पारी ने लखनऊ को जीत दिलाई.**

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही. टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एक के बाद एक पवेलियन लौटते गए, जिससे टीम शुरुआती ओवरों में ही दबाव में आ गई. लखनऊ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैदराबाद के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. हालांकि, इस मुश्किल समय में हेनरिक क्लासेन ने जिम्मेदारी संभाली. उन्होंने संयमित बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला और टीम को स्थिरता दी. उनके साथ नितीश कुमार रेड्डी ने भी अहम योगदान दिया. दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर एक महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिससे टीम पूरी तरह से बिखरने से बच गई. क्लासेन ने अपनी पारी में समझदारी के साथ खेलते हुए समय-समय पर बड़े शॉट लगाए, जबकि नितीश कुमार रेड्डी ने उनका अच्छा साथ दिया. इन दोनों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद निर्धारित 20 ओवरों में 156/9 का स्कोर बनाने में सफल रही. लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही.

> इसी कठिन परिस्थिति में कप्तान ऋषभ पंत ने मोर्चा संभाला. उन्होंने इस मैच में बेहद समझदारी और धैर्य के साथ बल्लेबाजी की. जहां वह आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, वहीं इस मुकाबले में उन्होंने परिस्थिति के अनुसार खेल दिखाया. उन्होंने शुरुआत में जोखिम लेने से बचते हुए स्ट्राइक रोटेट की और धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया. जैसे-जैसे वह सेट होते गए, उन्होंने मौके मिलने पर आक्रामक शॉट भी खेले. पंत की यह पारी लखनऊ के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई.

# आईपीएल में भारतीय पेसर्स की रफ्तार

## उमरान टॉप पर, मयंक और अशोक ने भी तोड़ी स्पीड की सीमाएं

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अक्सर बल्लेबाजों का खेल माना जाता है, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने अपनी रफ्तार से इस धारणा को बार-बार चुनौती दी है.**



लीग के इतिहास में कई भारतीय पेसर्स ने 150 किमी/घंटा से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी कर न सिर्फ बल्लेबाजों को चौंकाया, बल्कि मैच का रुख भी बदला. इस सूची में उमरान मलिक, मयंक यादव और अशोक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपनी स्पीड से अलग पहचान बनाई है. आईपीएल के बदलते दौर में जहां बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिलता है, वहीं भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी अपनी रफ्तार से खास मुकाम हासिल किया है. हर सीजन में कोई न कोई नया गेंदबाज अपनी स्पीड से सुर्खियां बटोरता है और यही वजह है कि लीग अब सिर्फ चौकों-छक्कों तक सीमित नहीं रह गई है. इस सूची में सबसे ऊपर नाम आता है उमरान मलिक का, जिन्हें भारतीय क्रिकेट का 'स्पीड किंग' कहा जाता है. उन्होंने आईपीएल 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 156.9 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंद डाली थी.

### एक नजर में

## एकता और सद्भाव का प्रतीक ईस्टर पर्व सम्पन्न

**दरभंगा.** एकता और सद्भाव का प्रतीक ईस्टर पर्व ईसाई समुदाय ने बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया. इस अवसर पर रविवार को शहरी एवं



ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया. ईसाई धर्मावलंबी नए कपड़े पहनकर चर्च पहुंचे और यीशु मसीह के पुनर्जीवन मिलने की खुशी मनाई. बच्चों और युवाओं ने गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. चर्च के पादरियों ने अपने संदेश में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि यह पर्व समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक है. शहर के मध्य स्थित होली रोसरी कैथोलिक चर्च में भी कैथोलिक समुदाय के ईसाइयों ने रविवार को ईस्टर पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया. इस अवसर पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. रविवार की सुबह मिस्शा का भी आयोजन किया गया. शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि में ही लोग नए वस्त्र पहनकर चर्च पहुंचे और यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी मनाई. चर्च में आयोजित पास्का जागरण समारोह में प्रार्थना के दौरान भजन-कीर्तन और विशेष उपदेश का आयोजन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.

## इंटरनेशनल सीरीज जापान में कोचर 5वें स्थान पर



**चिबा (जापान).** भारत के करनदीप कोचर ने रोमांचक चौथे राउंड में बर्डी की हैट्रिक लगाकर 2 मिलियन डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज जापान में पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस स्मिथ ने रविवार को कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में आखिरी होल पर ईगल लगाकर खिताब जीता. उथल-पुथल भरे तीसरे राउंड के बाद कोचर आखिरी दिन बोगी-फ्री रहे और उन्होंने चौथे, 16वें, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर टूर्नामेंट को 12-अंडर 272 के साथ खत्म किया, जो विजेता स्मिथ से तीन शॉट पीछे थे. इस बीच, स्मिथ का ड्रीम रन तब जारी रहा जब उन्होंने पार-फाइव 18वें होल पर ईगल पट लगाकर टूर्नामेंट को एक शॉट से शानदार तरीके से जीत लिया. टोक्यो के पास कैलेडोनियन गोल्फ क्लब में एक शानदार फिनिश में, स्मिथ 20-फुटर शॉट मारकर थाईलैंड के पावित तांगकामोलप्रासर्ट और जापान के रयोसुके किनोशिता के साथ प्ले-ऑफ से बाल-बाल बच गए. ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के शानदार आखिरी पट में उन्होंने सात-अंडर-पार 64 का स्कोर किया और 15-अंडर पर पहुंच गए, जबकि पावित और किनोशिता दोनों क्लब हाउस में 14-अंडर पर थे. पावित और किनोशिता ने पहले ही टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: 62 और 63 के शानदार राउंड शूट किए थे, और बहुत पीछे से आगे आए थे.

## बीसीबी के 3 डायरेक्टर ने दिया इस्तीफा

**ढाका.** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के तीन डायरेक्टर फैजुर रहमान, शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने लंबी चली बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया. शनिवार को ढाका में हुई लंबी बोर्ड बैठक के बाद कुछ ही घंटों में बीसीबी के तीन डायरेक्टरों ने इस्तीफी दे दिया. फैजुर रहमान ने बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद बोर्ड को अपने निर्णय के बारे की जानकारी दी, जबकि शनियन तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने भी थोड़ी ही देर बाद यही कदम उठाया. इस तरह बीसीबी चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले डायरेक्टरों की संख्या छह हो गई है. अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बैठक में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से फैजुर, तनीम और चौधरी ने यह फैसला लिया. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने की, जबकि अस्वस्थ होने के कारण उपाध्यक्ष फारूक अहमद ऑनलाइन जुड़े. बैठक के बाद नए मीडिया चेयरमैन मोहम्मद मुख़सेदुल कमाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें फैजुर के पद छोड़ने की जानकारी मीडिया से मिली. अन्य दो डायरेक्टरों ने संवाददाता सम्मेलन के बाद इस्तीफा दिया. कमाल ने कहा, 'हमने बोर्ड में इस पर चर्चा नहीं की. जिन्होंने इस्तीफ़ा दिया, उन्होंने निजी कारण बताए हैं. यह उनका व्यक्तिगत फ़ैसला है. जिनका आप जिक्र कर रहे हैं (फैजुर), वे बैठक में हमारे साथ मौजूद थे. हमें बैठक के बाद उनके इस्तीफे की खबर मिली.' फैजुर क्रिकेट कमेटी ऑफ ढाका मेट्रोपोलिस के उपाध्यक्ष थे. हाल ही में उन्होंने बीसीबी की लीग्स को सही तरीके से चलाने में कमी पर खुलकर सवाल उठा चुके थे. सरकार फिलहाल पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों की जांच कर रही है, और इस पर बनी समिति अगले हफ्ते अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है.



# निकी ने मिनोर्का चैलेंजर में जीता युगल खिताब

**मैड्रिड, (स्पेन) 05 अप्रैल भारत के निकी कालियंडा पूनाचा और उनके जोड़ी थाईलैंड के प्रुच्य इसारो ने ओपन मेनोर्का 2026 टेनिस टूर्नामेंट में युगल का खिताब जीत लिया.**

शनिवार को क्ले कोर्ट पर खेले गए एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूनाचा और इसारो की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भारत के सिद्धांत बंथिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी से एक घंटे 20 मिनट में 6-3, 7(7)-6(3) से हरा दिया.

पूनाचा और उनके थाई पार्टनर ने पहले सेट को जीतने के लिए पांचवें और नौवें गेम में अपने विरोधियों की सर्विस तोड़ी. जीत की लय को बरकरार रखते हुए, निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने अगले सेट के दूसरे गेम में भी बंथिया और डोंस्की की सर्विस तोड़ी, लेकिन अगले ही गेम में उन्हें तुरंत वापसी का मौका मिल गया.

> दोनों टीमों द्वारा अपनी-अपनी सर्विस बचाने के कारण, यह सेट टाई-ब्रेकर में चला गया, जिस पर निकी कालियंडा पूनाचा और प्रुच्य इसारो ने पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया. ओपन मेनोर्का 2026 की इस जीत के साथ ही निकी कालियंडा पूनाचा ने अपना आठवां एटीपी चैलेंजर डबल्स टेनिस खिताब जीत लिया. प्रुच्य इसारो के साथ यह उनका तीसरा खिताब था.

# 800 प्रतिभागियों ने विभिन्न गेम जोन में लिया हिस्सा


**नयी दिल्ली, 05 अप्रैल 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 68वें संस्करण में नियमित पांच किमी साइकिलिंग राइड के अलावा, विश्व स्वास्थ्य दिवस से दो दिन पहले, 800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न फिटनेस जोन में हिस्सा लिया.**



इस कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जैसे संगठनों ने इसमें विशेष साझेदारों के रूप में शामिल हुए. आज यहां यहाँ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग पूल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में कई एक्टिविटी ज़ोन में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, रस्साकशी, योग, स्किपिंग चुनौतियाँ, और यहाँ तक कि कैरम, लूडो और साँप-सीढ़ी जैसे पुराने ज़माने के इनडोर खेल भी शामिल थे. आयुष मंत्रालय की 'योग 365' पहल के तहत एक विशेष योग परामर्श बूथ बनाया गया था, जहाँ प्रतिभागियों ने निर्देशित सत्रों और परामर्शों के माध्यम से तनाव कम किया; वहीं, दिमागी कसरत के लिए 'स्मार्ट वॉल फिटनेस चैलेंज' और 'डार्ट्स स्टेशन' ने सभी आयु वर्ग के लोगों को खूब आकर्षित किया.

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अमन करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**बिश्केक, (किर्गिस्तान) 05 अप्रैल ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत 6 से 12 अप्रैल तक होने वाली 2026 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे.**



22 वर्षीय अमन सहरावत, जो पेरिस 2024 में भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बने थे, पुरुषों के 61 किलोग्राम वर्ग में मुकाबला करेंगे. अमन ने अपना ओलंपिक पदक 57 किलोग्राम वर्ग में जीता था – इसी वर्ग में वे 2023 में एशियाई चैंपियन भी बने थे. इस चैंपियनशिप में कुल 30 भारतीय पहलवान हिस्सा लेंगे. महिलाओं, पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन श्रेणियों में 10-10 पहलवान. अंकुश पुरुषों के 57 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे – यह आमतौर पर अमन का पसंदीदा वर्ग है. शानदार फॉर्म में चल रहे सुजीत कलकल, जो 65 किलोग्राम वर्ग के मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन हैं, वे भी बिश्केक में एक्शन में दिखेंगे. इस बीच, भारतीय महिला कुश्ती टीम में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल शामिल नहीं होंगी.

## मुश्किल दौर के बाद अपनी लेंथ पर बहुत काम किया : रवि

**अहमदाबाद, 05 अप्रैल राजस्थान रायल्स (आरआर) गेंदबाज रवि बिश्नोई ने कहा कि 2025 के मुश्किल दौर के बाद मैंने अपनी लेंथ, फिजिकल, तकनीकी और मानसिक' पहलुओं पर बहुत काम किया.**



गुजरात टाइटंस के खिलाफ शनिवार रात जीत के बाद बिश्नोई ने प्लेयर ऑफ़ द मैच का खिताब लेने के बाद कहा, 'पिछला सीजन मुश्किल था. लेकिन मैंने अपने प्रोसेस पर भरोसा रखा. मेरी एक कमजोरी थी कि अगर मेरी लेंथ ग़लत होती थी तो मुझे चौके और छक्के पड़ते थे. मैं उसी पर काम कर रहा था. मैंने पूरा घरेलू सीजन खेला और अपनी लेंथ को बेहतर किया. सही लेंथ पर गेंद डालने से बल्लेबाज़ों के लिए मुश्किल होती है. आज भी जब गेंद ज़्यादा फुल हुई तो मुझे मार पड़ी. मानसिक, तकनीकी और फिजिकल, मैंने तीनों पहलुओं पर काम किया है. ऑफ सीजन में और मैचों के बीच भी मैंने फिटनेस पर बहुत मेहनत की है.' कल मैच में बिश्नोई ने 11वें ओवर में साई सुदर्शन को आउट किया. फिर 13वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स और वॉशिंगटन सुंदर को पवेलियन भेजा.

**इंडियन प्रीमियर लीग का 12वां मुकाबला** | केकेआर पहली जीत के लिए संघर्षरत, पंजाब किंग्स की शानदार लय कायम

# ईडन गार्डन्स में होगी केकेआर और पंजाब की टक्कर

**कोलकाता, 05 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच रहा है, और 12वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाली भिड़ंत एक दिलचस्प कहानी पेश करने वाली है.**

यह मुकाबला ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा, जहां इतिहास गवाह रहा है कि बड़े स्कोर और रोमांचक मुकाबले अक्सर देखने को मिलते हैं. इस मैच की सबसे खास बात यह है कि दोनों टीमें बिल्कुल विपरीत परिस्थितियों में मैदान पर उतरेंगी. केकेआर जहां इस सीजन में अब तक अपनी पहली जीत की तलाश में संघर्ष कर रही है, वहीं पंजाब किंग्स जीत की लय को बरकरार रखते हुए अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी. केकेआर की सबसे बड़ी कमजोरी उनकी गेंदबाजी रही है. टीम के गेंदबाज अब तक मैच के अहम मौकों पर नियंत्रण बनाए रखने में नाकाम रहे हैं. स्पिन विभाग में वरुण चक्रवर्ती से बड़ी उम्मीदें हैं, लेकिन वह अभी तक अपनी लय में नजर नहीं आए हैं.

तेज गेंदबाजी आक्रमण में वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और ब्लेसिंग मुज़ारबानी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें शुरुआती विकेट निकालकर टीम को बढ़त दिलानी होगी. वहीं सुनील नारायण और अनुकूल रॉय जैसे ऑलराउंडर टीम को संतुलन प्रदान करते हैं. दूसरी ओर, पंजाब किंग्स इस सीजन में बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रही है. टीम ने लगातार जीत दर्ज कर आत्मविश्वास हासिल किया है और उनके सभी विभाग संतुलित दिख रहे हैं. कप्तान श्रेयस अय्यर शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है. ऐसे में वह इस मैच में भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं. ओपनिंग में प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली ने टीम को मजबूत शुरुआत दी है.

> केकेआर के लिए इस सीजन की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही. टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ा है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित हुआ है. हालांकि, टीम में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन निरंतरता की कमी ने उन्हें पीछे धकेला है. कप्तान अजिंक्य रहाणे के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह टीम के टॉप ऑर्डर को स्थिरता प्रदान करें. रहाणे का अनुभव इस कठिन दौर में टीम के लिए अहम साबित हो सकता है. युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और टीम के लिए एक उजली किरण बनकर उभरे हैं.